# करेंट अफेयर्स

## 27 जुलाई, 2022

## राष्ट्रीय

### 1. ब्रेन हेल्थ क्लिनिक

**खबरों में क्यों** – भारत के पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन 22 जुलाई 2022 को बेंगलुरु में हुआ।

**प्रमुख बिंदु –**

- जयनगर जनरल अस्पताल में कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-BHI) के तहत इसे लॉन्च किया गया।
- ऐसे दो और केंद्र चिक्कबल्लापुरा और कोलार जिलों में खोले जाएंगे।
- कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-BHI) के राजदूत – रॉबिन उथप्पा।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो–साइंसेज, बेंगलुरु (NIMHANS) देश में मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान शिक्षा का शीर्ष केंद्र है।

### 2. भारत में अश्लीलता को लेकर कानून

**खबरों में क्यों** – मुंबई पुलिस ने अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ स्पष्ट रूप से नग्न तस्वीरें साझा करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की।

**प्रमुख बिंदु –**

- पुलिस ने आईटी अधिनियम की धारा 67 ए के साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 292, 293 और 509 लागू की है।
- रणवीर सिंह ने न्यूयॉर्क स्थित 'पेपर' मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया था ।

### 3. UNRWA को भारतीय सहायता

**खबरों में क्यों** – भारत ने फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA) को 2.5 मिलियन अमरीकी डॉलर का योगदान दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय

### 1. रूस 2024 तक आईएसएस से बाहर

**खबरों में क्यों** – रूस 2024 के बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर हो जाएगा और अपना खुद का ओर्बिटींग आउटपोस्ट बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**प्रमुख बिंदु –**

- ISS पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने योग्य कृत्रिम उपग्रह है।
- यह लगभग 92 मिनट में पृथ्वी का चक्कर लगाता है और प्रतिदिन 15.5 परिक्रमा पूरी करता है।
- ISS NASA (संयुक्त राज्य अमेरिका), Roscosmos (रूस), JAXA (जापान), ESA (यूरोप), और CSA (कनाडा) की एक संयुक्त परियोजना है।
- Roscosmos प्रमुख – यूरी बोरिसोव।

### 2. बांग्लादेश ने आईएमएफ से ऋण का अनुरोध किया

**खबरों में क्यों** – बांग्लादेश ने वित्तीय संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से 4.5 बिलियन अमरीकी डालर के ऋण का अनुरोध किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- कारण – तेजी से घट रहा विदेशी मुद्रा भंडार ( 40 बिलियन से नीचे)।
- आईएमएफ प्रबंध निदेशक – क्रिस्टालिना जॉर्जीवा।

### 3. राशि चक्रचिन्ह के साथ सिक्का

**खबरों में क्यों** – इजराइल ने तटीय शहर हाइफा से एक दुर्लभ 1,850 साल पुराना कांस्य का राशि का सिक्का खोजा है।

**प्रमुख बिंदु –**

- इसमें चंद्र देवी लूना के चित्रण के पीछे कर्क राशि की छवि है।

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 24th August 2022 (English Medium - 11:30AM - 02:30PM)

- एंटोनिनस पायस के शासन में मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में इस सिक्के की ढलाई की गई थी। ।

## सरकारी योजनाएं

### 1. RAMP योजना

**खबरों में क्यों** – एमएसएमई की बाजार और ऋण तक पहुंच में सुधार, प्रौद्योगिकी उन्नयन और विलंबित भुगतान के मुद्दों को संबोधित करने के लिए RAMP योजना शुरू की गई है।

**प्रमुख बिंदु –**

- RAMP फुल फ्रॉम - Raising and Accelerating MSME Performance
- यह 6062.45 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ विश्व बैंक समर्थित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। (विश्व बैंक की हिस्सेदारी – 3750 करोड़ रुपये, सरकार की हिस्सेदारी– 2312.45 करोड़ रुपये)।
- यह यूके सिन्हा समिति (एमएसएमई क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता पर गठित) और केवी कामथ समिति की सिफारिशों के अनुरूप है।

## कानून

### 1. भारतीय अंटार्कटिक विधेयक 2022

**खबरों में क्यों** – लोकसभा ने 22 जुलाई, 2022 को भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022 पारित किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- **कारण** – 54 हस्ताक्षरकर्ता देशों के लिए उन क्षेत्रों को नियंत्रित करने वाले विशिष्ट कानून होना अनिवार्य है जिन पर उनके स्टेशन स्थित हैं।

**अंटार्कटिक संधि के बारे में (1959) –**

- अंटार्कटिका 60°S अक्षांश के दक्षिण में भूमि और बर्फ का क्षेत्र है ।
- मुख्यालय – ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)
- वर्तमान में इसके 54 सदस्य हैं।
- भारत 1983 में इसका हस्ताक्षरकर्ता बन गया।

**भारत का अंटार्कटिक कार्यक्रम –**

- दक्षिण गंगोत्री (1984) – भारत का पहला वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन।
- मैत्री (1989) – दूसरा शोध केंद्र।
- भारती (2012) – तीसरा शोध केंद्र।
- सागर निधि (2008) – अंटार्कटिक जल में भ्रमण करने वाला पहला भारतीय पोत।

## पर्यावरण

### 1. पाँच नए रामसर स्थल

**खबरों में क्यों** – रामसर कन्वेंशन के हिस्से के रूप में 5 नए भारतीय स्थलों को अंतरराष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता दी गई है।

**प्रमुख बिंदु –**

- 5 नए रामसर स्थल हैं –
  A. करिकीली पक्षी अभयारण्य (तमिलनाडु)
  B. पल्लीकरनई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट (तमिलनाडु)
  C. पिचवरम मैंग्रोव (तमिलनाडु)
  D. पाला आर्द्रभूमि (मिजोरम)
  E. साख्य सागर (मध्य प्रदेश)।
- अब देश में कुल 54 रामसर स्थल हो गए।

**रामसर स्थलों के बारे में –**

- वेटलैंड्स पर कन्वेंशन (रामसर कन्वेंशन) यूनेस्को द्वारा 2 फरवरी, 1971 को स्थापित एक अंतर सरकारी पर्यावरण संधि है।
- पश्चिम बंगाल में सुंदरबन भारत का सबसे बड़ा रामसर स्थल है।
- विश्व का पहला रामसर स्थल – कोबोर्ग प्रायद्वीप (ऑस्ट्रेलिया), जिसे 1974 में नामित किया गया था।
- रामसर स्थल की सबसे अधिक संख्या यूनाइटेड किंगडम में है (175 रामसर स्थल)।
- रामसर संरक्षण के तहत सबसे अधिक क्षेत्र बोलीविया में है।

### 2. बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य

**खबरों में क्यों** – असम के राज्यपाल जगदीश मुखी ने बराक घाटी में बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी ।

**प्रमुख बिंदु –**

- यह बराक नदी और सोनाई नदी के बीच 320 वर्ग किलोमीटर में फैला होगा ।
- महत्वपूर्ण जीव – स्लो लोरिस, रीसस मैकाक, पिग–टेल्ड मैकाक, स्टंप–टेल्ड मैकाक, हूलॉक गिब्बन और किंग कोबरा।

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 24th August 2022 (English Medium - 11:30AM - 02:30PM)

- इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 35 के तहत अनुमोदित किया गया है।
- यह बराक वैली का दूसरा वन्यजीव अभयारण्य होगा। (पहला——बोरेल वन्यजीव अभयारण्य)।

## नियुक्तियाँ

1. **इंदरमिट गिल**

**खबरों में क्यों** – विश्व बैंक (WB) ने भारत के इंदरमिट गिल को अपना मुख्य अर्थशास्त्री और विकासात्मक अर्थशास्त्र का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- नियुक्ति 1 सितंबर, 2022 से प्रभावी होगी।
- कौशिक बसु (2012–16) के बाद गिल विश्व बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में सेवा देने वाले केवल दूसरे भारतीय होंगे ।
- वह कारमेन रेनहार्ट का स्थान लेंगे।

2. **बजरमी बेगाज**

**खबरों में क्यों है** – बजरमी बेगाज ने अल्बानिया गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

## पुरस्कार और सम्मान

1. **USISPF पब्लिक अफेयर्स अवार्ड**

**खबरों में क्यों** – मनोज मुकुंद नरवणे को भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए USISPF द्वारा पब्लिक अफेयर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- अमेरिका के पूर्व रक्षा महासचिव जिम मैटिस को भी सम्मानित किया गया है।
- यूएस–इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) के अध्यक्ष और सीईओ – मुकेश अघी ।

2. **K2 शिखर**

**खबरों में क्यों** – वसीफा नाजरीन K2 पर्वत शिखर (दूसरी सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाली बांग्लादेश की पहली पर्वतारोही हैं।

## ऐप्स और पोर्टल

1. **E-AMIRT ऐप**

**खबरों में क्यों** – नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ई–अमृत ऐप लॉन्च किया।

**प्रमुख बिंदु –**

- E-AMRIT app - Accelerated e-Mobility Revolution for India's Transportation.
- इसने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरी पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण बाजार पर रिपोर्ट भी जारी की।
- भारत ने 2030 तक हर जगह स्वच्छ और सस्ती तकनीक देने के लिए यूके के ग्लासगो ब्रेकथ्रू ऑन रोड ट्रांसपोर्ट (COP 26) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## खेलकूद

1. **ICC महिला वनडे विश्व कप 2025**

**खबरों में क्यों** – ICC का वार्षिक सम्मेलन ब्रिटेन के बर्मिंघम में संपन्न हुआ।

**प्रमुख बिंदु –**

**लिए गए निर्णय–**

- ICC महिला वनडे विश्व कप 2025 – भारत।
- भारत 2025 में पांचवीं बार महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा।
- टी20 विश्व कप 2024 – बांग्लादेश।
- टी20 विश्व कप 2026 – इंग्लैंड।
- महिला चौंपियंस ट्रॉफी 2027 – श्रीलंका।

## बिहार

1. **स्वचालित वर्षा गेज**

**खबरों में क्यों** – जिले की सभी 152 पंचायतों स्वचालित वर्षा गेज लगाए जाएंगे।

**प्रमुख बिंदु –**

- अब तक 99 पंचायतों में इसे लगाया जा चुका है।
- इसकी स्थापना तेलंगाना के ओमेल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा रही है।
- स्वीकृत राशि– 144.34 करोड़ रुपये।
- योजना एवं विकास विभाग इस योजना की निगरानी कर रहा है।

2. **स्मार्ट सीवरेज डिवाइस**

**खबरों में क्यों** – बिहार के रहने वाले बलराज अर्पित ने सौर ऊर्जा से चलने वाला स्मार्ट सीवरेज डिवाइस विकसित किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- सीवरेज सिस्टम जाम होने या जहरीली गैस बनने पर अधिकारियों को सतर्क करेगा।
- **इसमें चार सेंसर हैं–**
  - A. तापमान सेंसर
  - B. गैस सेंसर
  - C. जल प्रवाह सेंसर
  - D. जल स्तर सेंसर।
- बलराज अर्पित गोपालगंज, बिहार का रहने वाले है।

### 3. पर्यटन स्थलों के रूप में आर्द्रभूमि

**खबरों में क्यों**– 11 जिलों में मौजूद 100 हेक्टेयर से बड़ी आर्द्रभूमि को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा।

**प्रमुख बिंदु –**

- ऐसी 64 आर्द्रभूमियों की पहचान की जा रही है।
- 11 जिले – वैशाली, सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, कटिहार, भोजपुर और बक्सर ।
- आर्द्रभूमि संरक्षण एवं प्रबंधन नियम 2017 के अनुसार 28 आर्द्रभूमियों का स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया है।
- कुछ उदाहरण – बरैला झील (वैशाली), मिर्जापुर बहियार (सारण), मोतीझील (पूर्वी चंपारण) आदि।

◆◆◆

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 24th August 2022 (English Medium - 11:30AM - 02:30PM)

# करेंट अफेयर्स एक नजर

## 27 जुलाई 2022

PERFECTION IAS

/PerfectionIAS

- किस द्वीप को पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अंडमान और निकोबार प्रशासन को सौंप दिया गया – **नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप ।**
- वोडाफोन आइडिया के नए सीईओ कौन होंगे – **अक्षय मुंद्रा।**
- किस राज्य ने 'फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट' शुरू किया है – **आंध्र प्रदेश।**
- समुद्री जल को पीने योग्य पानी में बदलने के लिए स्वदेशी तकनीक किसने विकसित की है – **राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT)।**
- किस राज्य ने 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डेलॉइट को सलाहकार नियुक्त किया है – **उत्तर प्रदेश।**
- इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पोर्ट्स एंड हार्बर्स (IAPH) के भारतीय प्रतिनिधि के रूप में किसे नियुक्त किया गया है – **एन्नारासु करुणेसन।**
- टाटा प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है – **विनायक पाई ।**
- केंद्र ने प्रमुख बंदरगाहों को कितने महीने के लिए यात्रियों को बंदरगाह, पोत शुल्क का भुगतान करने से को छूट देने का निर्देश दिया – **6 महीने**
- किस राज्य सरकार ने मोबाइल या दोपहिया चोरी जैसे अपराधों के लिए ''ई–एफआईआर प्रणाली'' शुरू की है – **गुजरात।**
- हाल ही में भारत के पहले ओपन रॉक संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया है – **हैदराबाद।**

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 24th August 2022 (English Medium - 11:30AM - 02:30PM)

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com
VISIT OUR WEBSITE